# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः18.10.2025

**‘मिशन शक्ति’ अभियान 5.0 के तहत चल रही जागरुकता का दिखा कमाल, 06 वर्षीय अबोध बालिका ने 1090 पर कॉल कर बचायी अपनी माँ की जान —**

महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र-2025 से जारी “मिशन शक्ति” अभियान फेज-5.0 के तहत “सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में विस्तृत जानकारी देते विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, 1930-साइबर हेल्पलाइन आदि के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

आज दिनांकः18.10.2025 को सायंकाल थाना मड़िहान क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तेन्दुइया गोपलपुर निवासिनी शिवानी उम्र करीब-06 वर्ष द्वारा मिशन शक्ति अभियान की जागरुकता से प्रभावित होकर वीमेन पॉवर लाइन नम्बर 1090 पर कॉल कर बताया कि उसकी माँ ने जहर खा लिया है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीआरवी-112 और एंटी रोमियो टीम थाना मड़िहान द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान बालिका की सूझबूझ, उसके द्वारा 1090 जैसी आपातकालीन सेवा का उपयोग तथा परिणाम स्वरुप मीरजापुर पुलिस की तत्परता पूर्वक कार्यवाही से इस बालिका की माँ की जिन्दगी बचायी जा सकीं।



******